# 23. संवाद-लेखन

भाषा के विकास में संवाद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संवाद का अर्थ है– दो व्यक्तियों के बीच वार्तालाप। कहानी-लेखन, नाटक या उपन्यास लेखन में संवाद का विशेष महत्त्व है।

## शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को संवाद-लेखन विधा से परिचित कराएँ।
- ❖ संवाद की परिभाषा समझाएँ तथा उसे याद करने के लिए कहें।
- ❖ संवाद लिखते समय ध्यान रखने योग्य बातों से अवगत करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए गए संवाद-लेखन के उदाहरण छात्रों से पढ़वाएँ।
- ❖ यह सुनिश्चित करें कि छात्र विषय को अच्छी तरह से समझ गए हैं।
- ❖ किसी विषय पर छात्रों को छोटे-छोटे संवाद बोलने के लिए कहें।
- ❖ दिया गया अभ्यास करवाएँ। आवश्यकतानुसार सहायता करें।